बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक– वि॰प्रा॰(III)ब–8/2013– /पटना, दिनांक

प्रेषक

ओम प्रकाश राय,
अपर सचिव

सेवा में,

प्राचार्य,
नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पोलिटेकनिक, पटना–13

विषयः– वित्तीय वर्ष 2015–16 में आयोजना (योजना) बजट के "मुख्य शीर्ष–4202–शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष– 02– तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–104 – बहुशिल्प, मांग संख्या– 43, उपशीर्ष–0102– पोलिटेकनिक/इंजीनियरिंग/तकनीकी महाविद्यालय" विपत्र कोड – पी 4202021040102 के अधीन आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–2795, दिनांक 30.11.2015 के द्वारा विभागान्तर्गत नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–13 के कम्प्यूटर, हार्डवेयर एवं कैड/कैम प्रयोगशाला के लिए आवश्यकता आधारित कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं उपकरण के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2014–15 में स्वीकृत राशि से आपूर्ति की गई सामग्रियों के लंबित विपत्रों के भुगतान हेतु रू॰ 7,17,706=00 (सात लाख सत्रह हजार सात सौ छः रूपये) मात्र की स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 में उक्त राशि संस्थान को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2015–16 में नियमानुसार व्यय हेतु विषयांकित बजट शीर्ष के अधीन 52 01 मशीनें एवं उपस्कर विषयशीर्ष में पुनर्विनियोग के माध्यम से उपबंधित राशि से रू॰ 7,17,706=00 (सात लाख सत्रह हजार सात सौ छः रूपये) मात्र का आवंटन प्रदान किया जाता है।

2. उक्त आवंटित राशि का उपबंध विभागीय पुनर्विनियोग स्वीकृति आदेश संख्या–2400, दिनांक 30.09.2015 के द्वारा की गई है।

3. यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या– 2561/वि॰(2), दिनांक 17.04.1998 एवं पत्रांक–396, दिनांक 24.04.2015 में अंकित प्रावधानों के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों एवं वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों में निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रूप से किया जाय।

4. उक्त आवंटित राशि का दूसरे मदों में अपवर्त्तन कदापि नही किया जाय।

5. विभिन्न विषयशीर्षे में राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के क्रम में यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना (योजना), शीर्षादि, कोड संख्या, मांग संख्या, विपत्र कोड एवं प्राथमिक इकाई (कूट संख्या सहित) का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार, बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

6. स्वीकृत्यादेश/ आवंटनादेश तथा विपत्रों के कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध में वित्त विभाग का पूर्व प्रेषित पत्रांक 280/ वि(2), दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देश का अनुपालन अक्षरशः किया जाय।

7. टी॰ भी॰ न॰ एवं तिथि सहित व्यय विवरणी प्रत्येक माह के 7 (सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना एवं अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगें।

8. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह॰/ –

(ओम प्रकाश राय)
अपर सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०(III)ब–8 / 2013– / पटना, दिनांक

प्रतिलिपिः– प्रधान महालेखाकार, बिहार, पटना / महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, पटना / सचिव (व्यय), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –

अपर सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०(III)ब–8 / 2013– / पटना, दिनांक

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –

अपर सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०(III)ब–8 / 2013– 39 (अ०) / पटना, दिनांक 28/12/015

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / उप निदेशक (यो) / योजना सहायक / आई० टी० मैनेजर (E-mail हेतु) / एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाइल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/12/15

अपर सचिव

28/12/15